Title: Need to accord the status of a Central University to Guru Ghasi Das University, Bilaspur, Chhattisgarh - laid.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : महोदय, छत्तीसगढ़ के प्रख्यात समाज सुधारक संत गुरू घासीदास जी के नाम पर स्थापित बिलासपुर का विश्वविद्यालय 1983 में स्थापित हुआ था। श्रद्धेय गुरू घासीदास बाबा के नाम पर विश्वविद्यालय के स्थापित होने से छत्तीसगढ़ की दलित आदिवासी पिछड़े वर्ग को आत्म सम्मान का बोध हुआ था।

आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा के नये आयाम छूने के गुरू घासीदास विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिये जाने की मांग विगत एक दशक से उठ रही है। संसद में भी छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों ने इस मांग को कई बार उठाया है। हाल ही में केन्द्र सरकार ने हर राज्य में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाने का निर्णय लिया है। बिलासपुर में रेलवे जोन मुख्यालय, हाई कोर्ट है साथ ही शिक्षा का अच्छा माहौल है तथा कोल (ए.सी.सी.एल) का मुख्यालय तथा एनटीपीसी का कारखाना भी है।

बिलासपुर गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के पास लगभग 800 एकड़ जमीन है। विश्वविद्यालय के कार्य क्षेत्र में बहुसंख्य आबादी दलित आदिवासी की है। अतः आपसे अनुरोध है कि गुरू घासीदास विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाये।